ENERGY FOR EVER
इरेडा
IREDA
ONCE IREDA ALWAYS IREDA
(A Navratna CPSE)

प्रैस विज्ञप्ति

इरेडा ने रु 1,873 करोड़ का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक लाभ अर्जित किया; बोर्ड ने 7.5% पर अंतिम लाभांश की सिफारिश की

नई दिल्ली, 29, मई, 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है, जो प्रमुख वित्तीय मेट्रिक्स में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। कंपनी ने ₹ 1,873 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक वार्षिक लाभ दर्ज किया।

आज नई दिल्ली स्थित इरेडा के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित बोर्ड की बैठक में परिणामों को स्वीकृति दी गई। निदेशक मंडल ने आगामी वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ₹ 0.75/- प्रति इक्विटी शेयर (₹ 10/- प्रत्येक के अंकित मूल्य का 7.5/-) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की। वित्तीय वर्ष के लिए कुल लाभांश ₹ 1.35/- प्रति इक्विटी शेयर (₹ 10/- प्रत्येक के अंकित मूल्य पर) है, जिसमें ₹ 0.60/- प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश भी शामिल है।

इस वर्ष ऋण पुस्तिका में स्वस्थ विस्तार, परिचालन से उच्च राजस्व और सुदृढ़ लाभप्रदत्ता देखी गई, जो इरेडा की रणनीतिक प्रभावशीलता और परिचालन लचीलेपन को रेखांकित करती है।

मुख्य वित्तीय मानदंड - वित्त वर्ष 2025-26 बनाम वित्त वर्ष 2024-25 (स्टैंडअलोन)

- **कर पश्चात लाभ:** ₹ 1,873 करोड़ बनाम ₹ 1,699 करोड़ **(↑ 10%)**
- **परिचालन से कुल आय:** ₹ 8,337 करोड़ बनाम ₹ 6,755 करोड़ **(↑23%)**
- **ऋण स्वीकृति:** 51,883 करोड़ रुपये बनाम 47,453 करोड़ रुपये **(↑9%)**
- **ऋण संवितरण:** 34,946 करोड़ रुपये बनाम 30,169 करोड़ रुपये **(↑16%)**
- **ऋण पुस्तिका**: ₹ 93,069 करोड़ बनाम ₹ 76,282 करोड़ **(↑22%)**
- **नेट वर्थ**: ₹ 13,781 करोड़ बनाम ₹ 10,266 करोड़ **(↑34%)**
- **शुद्ध एनपीए**: 1.29% बनाम 1.35% **(↑5% की वृद्धि)**

प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री प्रदीप कुमार दास, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरेडा ने कहा: "*वित्तीय वर्ष 2025-26 इरेडा की निरंतर विकास यात्रा में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ता है। हमारी अब तक की सबसे अधिक वार्षिक लाभ प्रदान करते हुए ऋण पुस्तक में ₹ 93,000 करोड़ से अधिक लगातार रणनीति, संस्थागत लचीलापन और भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में अटूट विश्वास को दर्शाता है। भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन में तेजी आने के साथ हम जिम्मेदारी से विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।*"

श्री दास ने समर्पित प्रयासों के लिए टीम इरेडा की सराहना की और माननीय केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, सचिव, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और निदेशक मंडल को उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।